# अजीब डिजाइन से बनी इस जींस की कीमत 25 हजार रुपए




आज के समय का स्टाइलिश लुक युवाओं को न जाने किस ओर ले जा रहा है, लोग ऐसे कपड़ों को पहनना ज्यादा पसंद करते हैं, जिसको देख सामने वाला भी शर्मसार हो जाए, लेकिन ये पूरे गर्व के साथ खड़े रहते हैं। फटे हुए कपड़ों को स्टाइलिश लुक का नाम दिया जाता है, तभी तो यदि कोई जींस फट भी जाता है तो लोगों को इसे पहनने में कोई शर्म नहीं आती, क्योंकि ऐसे ही जीसों की डिमांड मार्केट में ज्यादा देखने को मिलती है। इसी चीजों से प्रोत्साहित होकर बाबा रामदेव नें भी पतंजलि परिधानों को अभी हाल ही में लॉन्च करके युवाओं को कपड़ों का त्याग इस तरह से करने का तरीका बताया है।

अभी हाल ही में आई इस जींस को देख लो। मार्केट में आते ही ऐसे छा गई है कि लोगों को खरीदने की होड़ लग गई। यदि आप इस जींस की कीमत सुनोगे तो हैरान हो जाएंगे और सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि ऐसे कपड़ों की कीमत भी इतनी हो सकती है। इस जींस की कीमत 290 यूरो याने कि 26 हजार 537 रुपए है। क्या कमाल की जींस है भाई, जिसका एक पैर दिल्ली तो दूसरा मसूरी की ओर जाता है।

## स्टाइलिश लुक

इस खतरनाक जींस को डिजाइन करने का पूरा क्रेडिट यूक्रेन के डिजाइनर कसेनिया शनाइडर को जाता है, लेकिन इस जीस को देखकर समझ नहीं आ रहा है कि इसमें डिजाइन करने वाली कौन सी बात है, जिसका लोग इतना पैसा देने को तैयार हो रहे है।

## जींस में आकर्षक जिप और जेब

अब दूसरी जींस को देखिए जो काफी वायरल हो रही थी। इसमें आपको जिप और जेब के अलावा कुछ भी नजर नही आएगा। शरीर में पहनने के बाद आपको हर तरफ से हवादार महसूस कराएगी, जो आपके शरीर के लिए भी शायद लाभप्रद हो। ये डिजाइन हमारे योग गुरू बाबा राम देव को जरूर पसंद आएगी। कम कपड़ें में ज्यादा बचत।


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# आकर्षक लुक देता है जिप जींस में लगा अजीब बटन

बच्चा, बूढ़ा या हो जवान। अगर उनसे पूछा जाए कि आपको कपड़ों में सबसे ज्यादा क्या पसंद है, तो शायद ज्यादातर लोगों का कहना यही होगा कि एक स्टाइलिश जींस और टी-शर्ट। मतलब साफ है कि उम्र चाहे कोई भी हो। सभी के लिए जींस सबसे पसंदीदा पहनावा है। लोगों की पसंद को देखते हुए समय के साथ-साथ जींस के डिजाइन में कई बदलाव भी किए गए, लेकिन आपने अगर गौर किया हो तो जींस में कुछ चीजे शुरू से लेकर अभी तक वैसी ही हैं। चाहे बात जींस के मोटे कपड़े की हो या छोटी जेब की। आज तक उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। क्या आपने कभी सोचा है कि आपकी जींस की जेब पर छोटे-छोटे कई सारे रिपिट बटन क्यों लगाए जाते हैं, जींस ही क्यों हमारे आस-पास और भी कई ऐसी वस्तुएं मौजूद होती हैं, जिनमें कुछ अजीबो-गरीब चीजों का प्रयोग होता है, लेकिन क्या हमने कभी ऐसा सोचा है कि आखिर ये चीजें लगी क्यों हैं। नहीं न, चलिए फिर आज हम आपको बताते हैं कि उन वस्तुओं की बनावट में इन चीजों का प्रयोग क्यों किया गया है।



## जींस की छोटी पॉकेट पर लगा बटन

अगर आपसे पूछा जाए कि जो जींस आपने पहनी है, उसमें ये अजीबो-गरीब छोटा सा बटन क्यों लगा है। इस बटन की क्या काम है। तो शायद आप इसका जवाब न दे पाएं। चलिए हम आपको बताते हैं कि आखिर इस बटन का क्या काम है। दरअसल इस छोटे बटन का नाम रिवेट्स है और इसे पॉकेट की मजबूती के लिए लगाया जाता है। पॉकेट के पास सिलाई बहुत होती है। इसलिए ये बटन उसे ज्यादा मजबूती देता है और फटने से बचाता है। हालांकि जींस की इस छोटी जेब का कोई खास प्रयोग नहीं है। इस जेब में हम अक्सर चिल्लर यानी फूटकर पैसे रख लिया करते हैं।

## शर्ट के पीछे लगा गोल कपड़ा

आम तौर पर हम सब अपनी शर्ट कॉलर से टांग देते हैं या फिर हैंगर में लगाकर लटका देते हैं, लेकिन ऐसा करने से शर्ट की कॉलर अक्सर खराब हो जाती है। शर्ट पर सिकुड़न न पड़े और वह खराब न हो, इसलिए शर्ट के पीछे और कालर के ठीक नीचे एक लूप जैसा कपड़ा लगा दिया जाता है, जिससे हम अपनी शर्ट टांग सकते हैं।

## कपड़े के साथ कतरा और एक्स्ट्रा बटन

हम जब नई शर्ट खरीदते हैं तो उसमें अंदर की तरफ एक एक्स्ट्रा बटन लगा होता है। दरअसल ये कोई फैशन के लिए नहीं होता, बल्कि इसलिए होता है कि अगर आपकी शर्ट का बटन टूटकर खो जाए तो ये एक्स्ट्रा बटन आप वहां लगा सकें। वहीं टेलर से अगर कोई कपड़ा सिलवाइए तो वह अक्सर उसी कपड़े का एक रुमाल पकड़ा देता है। लोगों का मानना है कि जितने दिन रुमाल चलेगा, उतने ही दिन हमारा कपड़ा। जबकि विदेशों में कपड़े का कतरा देते हैं।



# ऐसी शर्ट पहनने वाले लड़को पर फिदा होती हैं लड़किया

अगर आपको नहीं पता कि लड़कियां क्या चाहती हैं तो ये खबर आपके लिए है। जरा सोचिए कि किसी लड़की से पहली बार मिलने जा रहे हैं तो क्या पहना जाए कि वो फिदा हो जाए। सुनने में अजीब लगता है, लेकिन ये सच है कि कमीज के रंग से लेकर शौक तक, लड़कों की कई चीजों पर लड़कियां पहली नजर में फिदा हो जाती हैं।

अगर आप भी अपनी किसी फ्रेंड को प्रपोज करने के बारे में सोच रहे हैं तो पहले यहां ये पांच बातें पढ़ लें, जो हर लड़की अपने ड्रीम ब्वॉय में देखना चाहती है।

## केयरिंग एटीट्यूड

लड़कियों को ये बात जानकर बहुत अच्छा लगता है कि कोई उनकी परवाह करता है। खासकर तब जब वो उनके साथ नहीं होती हैं और उनका साथी उनकी परवाह करे। ये बात उनके दिल को छू जाती है।

## अच्छा परफ्यूम

लड़कियों को परफ्यूम की सुगंध बेहद पंसद होती है, इसलिए जब कभी उनके सामने जाएं अच्छा परफ्यूम लगाएं।

## सफेद कमीज का जादू

अक्सर लड़कियों को लड़के सफेद कमीज में काफी आकर्षक लगते हैं। तो अगली बार जब आप उनसे मिलने जाएं तो सफेद कमीज पहनकर ही जाएं।

## दाढ़ी-मूछ को रखें मेंटेन

अपनी दोस्त से मिलने जा रहे हैं तो अपने चेहरे पर भालू की तरह बाल न उगाकर रखे। अपनी दाढ़ी-मूछ को ट्रीम करवा कर ही उनके सामने जाएं।

## खाना बनाने के शौकीन लड़के बेहद पंसद

लड़कियों को वो लड़के बेहद पसंद आते हैं जिसे अच्छा खाना बनाना आता हो। कहते हैं न दिल का रास्ता पेट से होकर निकलता है। तो आप भी इस बात को ध्यान में रखें।